चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

E.mail : registrar@ccsuniversity.ac.in NAAC A++ Website : www.ccsuniversity.ac.in

पत्रांक :– आर० ओ०/859/2025–26 दिनांक :– 15-05-2026

अपील

समस्त शिक्षकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा प्रिय विद्यार्थियों,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।/
प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालय,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा पैट्रोल एवं डीजल की खपत कम करने तथा ऊर्जा संरक्षण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की महत्वपूर्ण अपील की गयी है। वर्तमान समय में बढती ईधन खपत एवं पर्यावरण प्रदूषण को देखते हुए यह विषय राष्ट्रीय हित से जुडा हुआ है।

विश्वविद्यालय प्रशासन समस्त हित धारकों से अपील करता है कि:–

01. यह कि पैट्रोल एवं डीजल की अनावश्यक खपत को रोकने हेतु जागरूकता एवं जिम्मेदारी का परिचय देते हुए छोटी दूरी के लिये पैदल चले या साईकिल का उपयोग करें, वाहन का प्रयोग आवश्यकता अनुसार ही करें, कार पूलिंग को बढावा दे तथा वाहनों की नियमित सर्विस कराते हुए, जिससे ईधन की बचत सम्भव हो सके।
02. यह कि अनावश्यक विद्युत उपकरणों को बन्द रखे, बिजली का सीमित एवं आवश्यकतानुसार उपयोग करें, ऊर्जा दक्ष उपकरणों को अपनायें।
03. ऊर्जा एवं ईधन संरक्षण के दृष्टिगत आगामी छः माह तक अत्यन्त आवश्यक होने पर ही यात्रा करे तथा ईधन बचत एवं राष्ट्रहित में अपना सहयोग प्रदान करें।
04. यह कि ऊर्जा एवं ईधन संरक्षण के दृष्टिगत अनावश्यक रूप से लिफ्ट का प्रयोग न किया जाये। जिससे मनुष्य का शारीरिक विकास भी होगा।
05. ऊर्जा एवं ईधन संरक्षण के दृष्टिगत आवश्यक होने पर ही ए0सी0 चलाए तथा तापमान 24 से 26 के बीच ही रखे।
06. यथासम्भव सार्वजनिक परिवहन जैसे ट्रेन, बस, इत्यादि का प्रयोग करें।
07. ऊर्जा संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएँ।
08. स्वच्छ हरित एवं विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बने।

15-5-26
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. प्रभारी वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
03. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

15-5-26
कुलसचिव